भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1875

दिनांक 02 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में स्वाधार गृह

1875. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :-

(क) आंध्र प्रदेश में जिला-वार कितने स्वाधार गृह स्थापित किए गए हैं;

(ख) उक्त राज्य में जिला-वार कितनी महिलाओं को स्वाधार गृहों द्‌वारा सेवा प्रदान की गई है;

(ग) क्या इन केंद्रों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं और यदि हां, तो जिला-वार कितने स्वाधार गृह चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करते हैं;

(घ) आंध्र प्रदेश में स्वाधार गृहों और उन्हें चलाने वाली संस्थाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान कोई नया स्वाधार गृह बनाया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ड़) व्यापक मिशन शक्ति के तहत कठिन परिस्थितियों में महिलाओं के लिए स्वाधार गृह योजना और तस्करी की रोकथाम के लिए उज्ज्वला गृह योजना का विलय कर दिया गया है और अब इसे शक्ति सदन योजना के रूप में जाना जाता है जो तस्करी की शिकार महिलाओं सहित संकट की स्थिति का सामना कर रही महिलाओं के लिए एक

एकीकृत राहत और पुनर्वास गृह है। इसका उद्देश्य संकट की स्थिति में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण बनाना है ताकि वे कठिन परिस्थितियों से उबर सकें।

यह योजना डिमांड ड्रिवन केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके तहत योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधि सीधे जारी की जाती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार अपनी आवश्यकता का आकलन करते हैं और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ चर्चा के बाद कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा प्रस्तावों को मंजूरी दी जाती है। इस योजना के तहत किराए के परिसर में शक्ति सदन चलाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

शक्ति सदन योजना में केंद्र में प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं और केंद्र के लिए कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा अंशकालिक डॉक्टर की नियुक्ति का प्रावधान है। जिला अस्पताल/स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के माध्यम से स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं।

आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश राज्य में स्थापित जिलावार शक्ति सदनों (पूर्ववर्ती स्वाधार गृह) की संख्या, इनमें सेवा प्राप्त करने वाली महिलाओं की संख्या तथा इन शक्ति सदनों को चलाने वाली संस्थाओं के नाम **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान कोई नया शक्ति सदन (पूर्ववर्ती स्वाधारगृह) नहीं बनाया गया है।

x-x-x-x-x

अनुलग्नक-I

श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) द्वारा आंध्र प्रदेश में स्वाधार गृह के संबंध में दिनांक 02.08.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1875 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर के संबंध में अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य में स्थापित जिलावार शक्ति सदनों (पूर्ववर्ती स्वाधारगृह) की संख्या, इनमें सेवा प्राप्त करने वाली महिलाओं की संख्या तथा इन शक्ति सदनों को चलाने वाली संस्थाओं के नाम:

क्र.सं.	जिला का नाम	शक्ति सदन की संख्या	सेवा प्राप्त करने वाली	शक्ति सदन चलाने वाली संस्थाओं के नाम

			महिलाओं की संख्या	
1	श्रीकाकुलम	1	33	नंदमुरु तारक रामाराव कौशल विकास एवं महिला सशक्तीकरण केंद्र
2	विजयनगरम	2	245	(i) नंदमूरू तारक रामाराव कौशल विकास एवं महिला सशक्तीकरण केंद्र (ii) चैतन्य भारती
3	विशाखापत्तनम	3	210	(i) नंदमूरू तारक रामाराव महिला कौशल विकास एवं सशक्तीकरण केंद्र (ii) सोसाइटी फॉर एजुकेशन एडमिनिस्ट्रेशन एनवायरनमेंट डेवलपमेंट (एसईईडी) संगठन (iii)प्रियदर्शिनी संगठन
4	डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा	1	107	लिटिल फ्लावर वेलफेयर सोसाइटी
5	कृष्णा	3	355	(i) नंदमूरू तारक रामाराव महिला कौशल विकास एवं सशक्तीकरण केंद्र (ii) प्रज्वलाजीसस मैरी जोसेफ (जेएमजे) (iii) वासव्य महिला मंडली
6	नंदमुरु तारक रामाराव	1	191	ग्रामविकास
7	गुंटूर	5	310	(i) नंदमूरू तारक रामाराव महिला कौशल विकास एवं सशक्तीकरण केंद्र (ii) जीसस मैरी जोसेफ (जेएमजे) स्वधार, नंबुरु (iii) जीसस मैरी जोसेफ (जेएमजे), तेनाली (iv) उदयश्री महिला मंडली (v) कोठापेट महिलामंडली (केएमएम) संगठन
8	प्रकाशम	1	259	एपी महिलाअभ्युदय समिति
9	कुरनूल	2	286	(i) नंदमूरू तारक रामाराव महिला कौशल विकास एवं सशक्तीकरण केंद्र (ii) शांति एजुकेशनल सोसाइटी

10	वाईएसआर कडप्पा	4	397	(i) भारतरत्न महिलामंडली, कडप्पा ii) भारतरत्न महिलामंडली, कडप्पा (iii) डॉ. अम्बेडकर दलित वर्ग अभिवृद्धि संघम, कडप्पा (iv) स्वास्थ्य एवं शिक्षा विकास सोसायटी, कडप्पा
11	अन्नामय्या	1	162	दलित समुदाय विकास सोसाइटी
12	तिरुपति	2	259	(i) नंदमुरु तारक रामाराव महिला कौशल विकास एवं सशक्तीकरण केंद्र। (ii)सामाजिक सेवा के लिए जन कार्रवाई
13	अनंतपुर	2	136	(i) सेंटर फॉर रूरल एक्शन (कैमरा), अनंतपुर (ii) साई लिखिता एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (एसएलईडीएस), कल्याणदुर्गम
कुल		**28**	**2950**⁎	

⁎ वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 (दिनांक 30.07.2024 तक)